# संदिग्ध परिस्थितियों में टावरकर्मी की मौत

## टावर की सीढ़ियों पर लटका मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में टावर कर्मी की मौत हो गई। युवक का शव टावर की सीढ़ियों पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को बुलाया। महाशिवरात्रि के पर्व पर जैसे ही परिजनों को मौत की खबर मिली तो उनमें कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला बस स्टैंड पर स्थित एयरटेल कंपनी के टावर पर इलेक्ट्रीशियन के पद पर तैनात कर्मचारी संदीप कुमार चौहान पुत्र तारा चंद चौहान निवासी ग्राम गंगवाली, थाना नगीना, जनपद बिजनौर जो लगभग दो सप्ताह से टावर पर कार्यारत था। बीती रात टावर पर चढ़ने वाली सीढ़ी पर कपड़े की शाल के फन्दे में उसका शव लटका हुआ मिला।

सूचना पाकर पहुंचे एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, पुलिस क्षेत्राधिकार अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी, कासमपुर गढ़ी चौकी प्रभारी यशपाल सिंह मलिक भारी पुलिस बल के साथ घटना स्तर पर पहुंच गए एवं फॉरेंसिक टीम ने लटके हुए शव को नीचे उतारा एवं बारीकी के साथ परिक्षण में जुट गई।

उक्त एयरटेल टावर पर कार्यरत जनरेटर ऑपरेटर चंद्रपाल सिंह निवासी गोरधनपुर नाबका, थाना अफजलगढ़ ने बताया कि वह कांवर लेने के लिए गया हुआ था। बीती रात हरिद्वार से लौटा है। बृहस्पतिवार को सुबह सवेरे तबीयत खराब होने के कारण वह ग्राम मानियावाला गाजी कॉलोनी स्थित डॉक्टर के पास दवाई लेने के लिए आया था। वहीं उसको टावर पर कर्मचारी की लटके होने की सूचना मिली। उसने ही परिजनों को इत्तिला दी।

मृतक संदीप कुमार चौहान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार सिसौदिया का परिवारिक भतीजा लगता है। मृतक के बड़े भाई विनय कुमार चौहान ने बताया कि बीती रात 12:25 बजे उसके भाई का अंतिम बार फोन आया था। उसने बताया की भैया उसे बहुत डर लग रहा है। वह बहुत अधिक भयभीत था। चंद्रपाल सिंह द्वारा उसकी मौत की खबर मिली।

उधर विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि मृतक संदीप कुमार चौहान को कुछ अज्ञात लोगों ने आकर धमकाया था। यह टावर छोड़कर चले जाओ जिस कारण वह बहुत अधिक भयभीत था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। फॉरेंसिक रिपोर्ट व पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का खुलासा हो सकता है। मृतक ने आत्महत्या क्यों की है या हत्या की गई है।

# सपा में नई जान फूंकने में शेख जाकिर कामयाब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के जिला अध्यक्ष बनने के बाद शेख जाकिर हुसैन ने पार्टी में नई जान फूंक दी है। साथ ही सबसे खास बात यह है कि गुटबाजी पर विराम लग गया है और पद के लालची ड्राइंग रूम मार्का नेताओं को छोड़ कर सभी नेता व कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ पीडीए को पार्टी से जोड़ने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता के साथ प्रयास कर रहे है।

गौरतलब है कि सपा का जिला अध्यक्ष बनने के लिए कई नेताओं के द्वारा हाथ पैर मारे जा रहे थे। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जिनका न तो क्षेत्र में कोई जनाधार था और न ही पार्टी के लिए उनका कोई योगदान था। इनके समर्थकों द्वारा बार-बार अफवाहें फैलाई जाती थी कि वह जिला अध्यक्ष बनने वाले है। जिसकी वजह से पार्टी में गुटबाजी काफी ज्यादा बढ़ गई थी। सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे की आलोचना की जा रही थी। जिससे पार्टी को काफी नुकसान हो रहा था। लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शेख जाकिर हुसैन को जिला अध्यक्ष बना कर ड्राइंग रूम की राजनीति करने वाले नेताओं को जोर का झटका दिया था। शेख जाकिर हुसैन के जिला अध्यक्ष बनने के बाद इन नेताओं ने उन्हें कमजोर व पार्टी के प्रति निष्ठावान न बताकर अपना विरोध दर्ज कराया था। लेकिन मजबूत इरादों वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस तरह के आरोपों को बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने शेख जाकिर हुसैन को जिला अध्यक्ष के पद पर बरकरार रखा। शेख जाकिर हुसैन ने भी इस चुनौती को स्वीकार करते हुए पार्टी की मजबूती एवं कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए मैदान में डट कर वो कदम उठाए, जिससे दूसरी पार्टियों के नेता भी उनका लोहा मान रहे है। संगठन में सभी निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ताओं को जगह देने के बाद उन्होंने पीडीए के मुहीम को तेज कर दिया। उनके द्वारा पूरे जनपद में जगह-जगह पीडीए को पार्टी से जोड़ने के लिए सम्मेलनों, बैठकों एवं खुली पंचायतों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में वरिष्ठ नेताओं को साथ लेकर उनके द्वारा पीडीए की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। वह दलित व पिछड़ा हिन्दू समाज को सपा से जोड़ने के लिए पूरी ताकत लगा रहे है। पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर इस मुहीम में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे है। सिर्फ जिला अध्यक्ष बनने की चाहत पालने वाले ड्राइंग रूम मार्का नेता ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपना चेहरा दिखाने के लिए चंदे की रकम से लखनऊ व दिल्ली के चक्कर लगा रहे है।

सबसे खास बात यह है कि विरोधी पार्टियों के नेता भी उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों का लोहा मान रहे है। विरोधी नेताओं का मानना है कि अगर जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के द्वारा इसी तरह अभियान जारी रखा गया, तो आगामी विधानसभा चुनाव में सपा का प्रदर्शन बेहतर हो जाएगा। विरोधी पार्टियों के नेताओं के पास फिलहाल इसकी काट नहीं है।

### पीडीए को पार्टी से जोड़ने के लिए गंभीरता के साथ चलाया जा रहा अभियान पूरी तरह से कामयाब

अहम बात यह भी है कि युवा वर्ग सपा के साथ जुड़ रहा है। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने युवाओं में नया जोश पैदा कर दिया है। युवा नेताओं को प्रमुख पद दिए जा रहे है। अगर पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव तक इसी तरह अभियान को कामयाब बनाने में लगे रहे, तो जनपद की आठों सीटों पर सपा का परचम लहराने से कोई नहीं रोक सकता है। सफलता के लिए संघर्ष जरूरी होता है।

## शांतिभंग में युवक का चालान

**नहटौर।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक और युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते करीब एक वर्ष पूर्व कोर्ट में शादी कर ली थी। इसके बाद वह दोनों ग्राम से चले गए थे और दिल्ली में रहने लगे थे। कुछ दिन पूर्व दोनों दिल्ली से लौटकर ग्राम में आ गए और ग्राम में ही रहने लगे। मामले को लेकर बुधवार की देर सांय ग्राम में एक पंचायत हुई। आरोप है कि ग्राम में रहने पर ग्राम का माहौल खराब होने की बात पर प्रेमी द्वारा कुछ लोगों के साथ गाली गलौच की गई। पंचायत में दोनों को ग्राम छोड़कर बाहर रहने का फरमान जारी किया गया। मामले को लेकर पुलिस भी ग्राम पहुंची थी। गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर ग्राम के माहौल को लेकर और युवक द्वारा गाली गलौच करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से एक शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। जिसको लेकर पुलिस ने आरोपी युवक का शांति भंग में चालान कर दिया।

हल्का दरोगा हरिप्रकाश ने बताया कि ग्राम में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए युवक का चालान किया गया है।

# सिंचाई विभाग का बाबू गिरफ्तार

## एंटी करप्शन की टीम ने 20 हजार रूपए रिश्वत लेते दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अफजलगढ़ सिंचाई खंड कार्यालय में अकाउंटेंट तथा सहायक अभियंता के बीच कमीशनबाजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एंटी करप्शन मुरादाबाद की टीम ने सिंचाई विभाग के अकाउंटेंट को 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन की टीम की कार्रवाई से नगर क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

जानकारी के अनुसार ग्राम मंजू इगलास, थाना इगलास, जनपद अलीगढ़ निवासी अर्जुन चौधरी पुत्र शैलेंद्र सिंह ने एंटी करप्शन से शिकायत कर बताया था कि धामपुर अफजलगढ़ सिंचाई खंड में तैनात अकाउंटेंट उज्जवल कुमार उसके दो बिलों को आगे बढ़ाने के लिए बीस हजार की रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन मुरादाबाद के प्रभारी शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को दोपहर धामपुर पहुंचकर जाल बिछा दिया। बताते हैं कि अकाउंटेंट उज्जवल के पास पीडब्ल्यूडी विभाग का भी अकाउंटेंट का प्रभार है। अर्जुन चौधरी ने बताया कि अकाउंटेंट उज्जवल पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मिला तथा उसने जैसे ही 20 हजार की धनराशि अकाउंटेंट उज्जवल को दी तो टीम ने दबिश देकर अकाउंटेंट को दबोच लिया। टीम के दबिश के दौरान अकाउंटेंट उज्ज्वल ने पैसों को फेंक दिया। एंटी करप्शन की टीम ने जब उज्जवल के हाथ धुलवाए तो पानी रंगीन हो गया। इसके बाद एंटी करप्शन की टीम धामपुर कोतवाली पहुंची जहां कागजी कार्रवाई करने के बाद टीम उज्जवल को लेकर मुरादाबाद रवाना हो गई।

बताते हैं कि अफजलगढ़ सिंचाई खंड के अकाउंटेंट उज्जवल का विभाग के ही सहायक अभियंता पीके चौधरी से कमीशन बाजी को लेकर विवाद चल रहा है। सहायक अभियंता के द्वारा विगत 1 जनवरी 2025 को धामपुर कोतवाली में मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया था।

उधर इस मामले में अकाउंटेंट उज्ज्वल ने बताया कि उसे साजिशन फसाया गया है। विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की उसने डीएम स्तर पर शिकायत की थी। जिसकी जांच चल रही है, शिकायत से परेशान होकर ही उसे साजिश का शिकार बनाया गया है।

## बाजार गई महिला लापता

**शेरकोट।** बाजार से सामान खरीदने गई महिला के लापता हो जाने से उसके परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मुस्तफापुर तैय्यब सराय निवासी नसीम अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद सऊदी अरब में काम करता है। बताया जाता है कि नरगिस 3 फरवरी को बाजार से कुछ सामान खरीदने गई थी लेकिन वापस नही लौटी, जिसकी सूचना बच्चों ने अपने पिता को दी। सूचना मिलने पर 6 फरवरी को नसीम घर वापस आया और हर सम्भव जगहों पर अपनी पत्नी की तलाश करता रहा। लेकिन उसका कोई पता नहीं चलने पर नसीम ने बुधवार को पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने गुमशुदगी दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

# सुरदीप व गौतम को हत्या में उम्र कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट ने हत्या के मामले में चांदपुर निवासी सगे भाई सुरदीप व गौतम को उम्र कैद एवं पचास हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 21 जुलाई 2016 को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि सुरदीप व गौतम पुत्रगण तारा निवासी मौहल्ला सरायरफी ने उसके ताऊ की चाकू मार कर हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 302 आईपीसी में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट के द्वारा आज इस सनसनीखेज मामले में अभियुक्तगण सुरदीप व गौतम को उम्र कैद एवं पचास हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

### पचास हजार रुपए का अर्थदण्ड

अर्थदण्ड की धनराशि मृतक के पिता को प्रतिकर के रूप में दिए जाएंगे।

# बिजनौर में ट्रेन से कटा छात्र

## रेलवे ट्रेक पर गर्दन रख कर दे दी कीमती जान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में ट्रेन से कटने के मामले बढ़ते जा रहे है। आज फिर एक छात्र ने ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय काली माता के मंदिर के समीप रेलवे फाटक है। यहां पर रेलवे ट्रेक के बीचो बीच एक सिर पड़ा हुआ था। जबकि मृतक का धड़ रेलवे ट्रेक से नीचे पड़ा था। ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने की खबर चारों तरफ फैल गई। पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस ने जब मौके पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेने के बाद जांच शुरू की, तो मृतक के द्वारा पहने गए कपड़ों की जेब में मिले ड्राइविंग लाइसेस से उसकी शिनाख्त सिविल लाइन निवासी नमन (20 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी सिविल लाइन द्वितीय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक छात्र बीएससी का छात्र था। छात्र की मौत से परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। शहर कोतवाल उदयप्रताप ने बताया कि मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक की लाश को देखकर साफ लग रहा था कि उसके द्वारा आत्महत्या की गई है। उसने रेलवे ट्रेक पर अपनी गर्दन रख दी होगी और धड़ रेलवे ट्रेक से बाहर नीचे की तरफ रहा होगा। इसी लिए तड़पने पर धड़ नीचे पहुंच गया था।

गौरतलब है कि जनपद में ट्रेन से कटने के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए है। छोटी-छोटी बातों पर आत्महत्या की जा रही है।

# शेरकोट के नरेश सैनी ने बिजनौर में किया सुसाइट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शेरकोट के नरेश सैनी ने बिजनौर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिससे मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शेरकोट निवासी नरेश सैनी (30 वर्ष) पुत्र घनश्याम का विवाह करीब नौ साल पहले काजीपाड़ा में सैनी मौहल्ला निवासी नीलम के साथ हुई थी। करीब एक साल पहले नरेश ने शेरकोट की अपनी जमीन बेचकर शहर कोतवाली के चामुंडा धाम कालोनी में नया मकान बनाया था। बुधवार को महाशिवरात्रि के चलते नीलम अपने पुत्र के साथ अपने भाई के घर पर गई थी। नरेश घर पर अकेला था। गुरूवार की दोपहर में नरेश ने छत के जाल में दुपट्टा से लटककर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने नरेश का शव लटका देखकर पत्नी नीलम को जानकारी दी। नरेश की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी नीलम ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। मृतक ने अपनी जमीन बेचकर नया घर बनाया है। जिसमें कुछ पैसे खाते में पड़े हुए थे। उसी से घर का खर्च चल रहा था। उन्हीं पैसों से नरेश शराब का सेवन करता था। शहर कोतवाल उदयप्रताप ने बताया कि नरेश शराब पीने का आदी था। तनाव के चलते उसने आत्महत्या की है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### छत के जाल में टंगी मिली लाश

## एक नजर

### किरतपुर में बलात्कारी जाफिर अरेस्ट



**बिजनौर।** किरतपुर थाने में 22 फरवरी को पीड़िता ने तहरीर दी थी कि मौहल्ला अफगानान निवासी जाफिर पुत्र अमीर हसन ने शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया। साथ ही धमकी भी दी। पुलिस ने धारा 69 एवं 351 (2) बीएनएस में जाफिर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने जाफिर को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजनौर में दरिंदा मोहित गिरफ्तार



**बिजनौर।** शहर कोतवाली में 26 फरवरी को वादिनी ने तहरीर दी थी कि मौहल्ला काजीपाड़ा निवासी मोहित पुत्र भारत सिंह उनकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसकी इज्जत लूट ली। शहर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार कर लिया है।

# विवाहिता प्रेमी संग फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर में युवक-युवतियों के साथ-साथ विवाहिता भी अपने पति की इज्जत को तार तार करने में लगीं हुई है।

नगर में एक हफ्ते पहले एक विवाहिता मौहल्ला हजरत नगर निवासी पीड़ित मौहम्मद शफीक पुत्र जमील अहमद ने पुलिस को तहरीर दी है कि नगर के मौहल्ला बंजारान निवासी शादाब पुत्र हाजी यूसुफ पीड़ित की पत्नी हिना परवीन (35 वर्ष) को अपने प्यार में बहला फुसलाकर रफू चक्कर हो गया था। जिसको लेकर जमील अहमद ने अपनी पत्नी को भगा ले जाने को लेकर पुलिस से अपनी पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगर के नहटौर चौराहे के पास से शादाब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की पुष्टि की है।

# दो मार्च को बिजनौर आएगीं बेल्जियम की राजकुमारी

## वेव ग्रुप के मालिक मनप्रीत सिंह चड्ढा उत्तर प्रदेश में किसानों को बना रहे सशक्त




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सरकार के साथ-साथ अब कारपोरेट जगत भी किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए कदम आगे बढ़ा चुका है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में अब कई कारपोरेट घराने किसानों की आमदनी को दोगुनी करने के लिए नए-नए संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर में वेव ग्रुप का एक उपक्रम एग्रीस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड किसानों की आमदनी को दोगुना करने में जुट गया है।

बताया जा रहा है कि दो मार्च को बिजनौर स्थित एग्रीस्टो मासा कंपनी के साथ बेल्जियम की कंपनी के साथ अपने कारोबार को और विस्तार दे रही है। इस दिन किसी नए निवेश की घोषणा हो सकती है। इसमें वेव ग्रुप के मालिक मनप्रीत सिंह चड्ढा के अलावा बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड भी अपने देश के कई बड़े राजनयिकों, व्यवसायियों के साथ आ सकती है। खबर यह भी है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम में मौजूद रह सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक वेव ग्रुप के मालिक मनप्रीत सिंह चड्ढा बिजनौर के किसानों को बड़ी सौगात देना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि वे अपनी पारंपरिक जगह पर बड़ा उद्यम लगाएं ताकि यहां कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो सके है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। गौरतलब है कि मनप्रीत सिंह चड्ढा का परिवार का पश्चिमी उत्तर प्रदेश से विशेष लगाव रहा है। इनके परिवार ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई जगह बड़ा निवेश किया। बिजनौर में हो रहे निवेश को इसी क्रम में देखा जा रहा है।

मनप्रीत सिंह चड्ढा एक बिजनेस लीडर हैं, जो काम करने में विश्वास रखते हैं। इसलिए इनके समूह ने अलग-अलग व्यवसायों के जरिए जहां रोजगार के साधन उपलब्ध कराएं। वहीं समाज के हर वर्ग का ख्याल भी रखा। किसानों की आमदनी दोगुनी हो यह मनप्रीत सिंह चड्ढा की दूरदर्शी सोच की उपज है। सरकार चाहे केंद्र की हो या फिर उत्तर प्रदेश के किसानों की। आमदनी कैसे दोगुनी हो इस पर लगातार चर्चा कर रही है। अगर कारपोरेट घराने भी इस क्रम में अगर आ रहे हैं, तो अन्नदाताओं के लिए इससे बड़ी खुशखबरी कुछ और नहीं हो सकती।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पांच अपंजीकृत अस्पतालों के ओटी सील

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर क्षेत्र में गुरुवार को एसीएमओ नोडल अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पांच अपंजीकृत अस्पतालों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए उनकी ओटी सील की। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई को लेकर हड़कंप मच गया। कई अस्पताल संचालक अपना अस्पताल बंद करके भूमिगत हो गए।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला ईदगाह निवासी अकबर अली ने 7 दिसंबर 2024 को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नगर क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायत की थी।



अकबर अली का आरोप था कि तीन बार समाधान दिवस में शिकायत करने पर नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने मनगढ़ंत तरीके से निस्तारण कर दिया। उन्होंने नोडल अधिकारी के खिलाफ ही कार्रवाई के संबंध में दोबारा से 15 फरवरी को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी। जिसको लेकर गुरुवार को एसीएमओ नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिकायतकर्ता को साथ लेकर नहटौर में छापेमार कार्रवाई की। नोडल अधिकारी की कार्रवाई के चलते अपंजीकृत अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया और कई संचालक अपने अस्पतालों को बंद करके भूमिगत हो गए।



बताया जाता है कि अपंजीकृत अस्पतालों में कई महिलाओं की मौत होने पर पूर्व में हंगामे भी हुए थे। नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की हल्दौर रोड पर पब्लिक हेल्थ केयर, प्रकाश नर्सिंग होम, झालू मार्ग पर आयुष्मान व किलकारी नर्सिंग होम के अलावा लाइफ हेल्थ केयर सेंटर की ओटी सील की गई है। नगर के 24 अस्पतालों की शिकायत है। शेष पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## सेम्पल का भुगतान न करने पर रोष

**किरतपुर।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा क्षेत्र में दुकानदारों से खाद्य पदार्थों के सेम्पल लिये जा रहे हैं। जिससे गरीब व छोटे दुकानदारों में दहशत फैल गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नजीबाबाद ने चार-पांच दुकानदारों से खाद्यान्न के नमूने भरे। दुकानदारों का कहना है कि पदार्थों के नमूने ले लिये मगर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सामान का कोई भुगतान नहीं दिया गया है।

क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुपम यादव द्वारा गांव नौरंपुर में छोटे-छोटे दुकानदारों के खाद्य पदार्थों के सेम्पल भरे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने गांव में स्थित दुकानों से चार पैकेज हल्दी व चार पैकेज देसी घी एंव एक दूध की दुकान एक किलो धनिया व एक हर्रा की दाल के नमूने भरे। उक्त तीनों दुकानों से खाद्य पदार्थों के सेम्पल तो भर लिये, मगर किसी भी दुकानदार को उस खाद्यान्न का कोई भुगतान नहीं किया।

## एक नजर

### नाला निर्माण न होने से परेशानी



**कोतवाली देहात।** कस्बे में ओवर ब्रिज के निर्माण में सर्विस रोड के पास बन रहे नाले को लेकर कस्बे के लोग परेशान हैं। कस्बावासियों ने आरा. ेप लगाया की नाला खोद कर डाल दिया गया है और सही तरह से निर्माण नहीं किया जा रहा है। अरविंद बिश्नोई, सत्यकाम बिश्नोई, दीपक आदि ने बताया कि नाला काफी दूरी तक खोद दिया गया है। कई स्थानों पर नाले को बंद नहीं किया जा रहा है। कहने के बावजूद भी कर्मचारी सही प्रकार काम नहीं कर रहे हैं। कई स्थानों पर नाले की चौड़ाई घटाई और बढ़ाई जा रही है जो गलत है। इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर हरप्रीत सिंह ने बताया कि शीघ्र ही नाले का निर्माण कराया जाएगा। शिवरात्रि के कारण काम में थोड़ी समस्या थी। अब काम सुचारू रूप से चल रहा है।

### बारिश से ठण्ड में इजाफा

**बिजनौर।** जनपद में आज कई जगह हल्की और कुछ स्थानों पर तेज बारिश हुई। हालांकि तेज बारिश भी ज्यादा देर तक नहीं हुई। आसमान में बादल छाए रहे। बारिश की वजह से ठण्ड में इजाफा हो गया।

### चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई

**कोतवाली देहात।** क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने जीवन पर्यंत आजाद रहने की प्रतिज्ञा ली थी। वे जीवन भर आजाद रहे। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध जमकर लड़ाई लड़ी तथा देश में क्रांति की ज्वाला को प्रज्वलित किया। उन्होंने सरदार भगत सिंह, राजगुरु, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान जैसे क्रांतिकारियों का नेतृत्व किया तथा देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने चन्द्रशेखर आजाद के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजेन्द्र वर्मा, नवनीत कुमार, विकुल, केशव, रेशव आदि मौजूद रहे।

### एक दिवसीय प्रबंधन कार्यशाला



**कालागढ़।** कार्बेट वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ में डब्लूडब्लूएफ के सहयोग से एक दिवसीय प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विस्तार से ग्रास लैंड विकास पर चर्चा की गई तथा इसके सुधार के बारे में प्रतिभागियों को प्रस्तुतीकरण के बारे में जानकारी दी गई।

### मासूम सहिफान घर से गायब



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला मुमताज हुसैन से तीन वर्षीय बालक गायब हो गया है। परिजनों ने इस की सूचना पुलिस को दे दी है। मौहल्ला मुमताज हुसैन निवासी अजीम ने बताया कि उसका पुत्र सहिफान (3 वर्ष) देर शाम कही चला गया है। उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। परिवारजनों द्वारा उसे काफी तलाश किया गया। लेकिन वह मिल नहीं पाया है। उन्होंने पुलिस में भी तहरीर दे दी है। उधर पुलिस का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। अजीम ने अपने बच्चे की जानकारी मोबाइल नंबर **8218166399** पर देने की अपील की है।

# कुत्ते के हमले में बालिका गंभीर रूप से घायल

## बालिका को किया हायर सेंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय बालिका को कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। घायल बालिका को सीएचसी अफजलगढ़ जहां डॉक्टरों द्वारा उसकी गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र में ग्राम सुआवाला निवासी सुल. ेमान अंसारी की चार वर्षीय पुत्री नमरा अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी ग्राम के आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। बालिका की चीखपुकार सुनकर परिजन व ग्रामिणों ने कुत्ते से बालिका की जान बचाई। घायल बालिका को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा बालिका को हायर सेंटर रैफर कर दिया। घायल बालिका के पिता सुलेमान अंसारी ने बताया कि नमरा की हालत अभी स्थिर बनी हुई है। ग्राम में कुत्तों का आतंक व्याप्त है। कुत्ते छोटे-छोटे बच्चों पर लगातार हमला कर रहे हैं ।

गत सप्ताह ब्लॉक कार्यालय के समीपवर्ती ग्राम मानियावाला में भी कारी तसलीम अहमद की छह वर्षीय पुत्री अफीका नाज को भी एक आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया था।

ग्रामीण क्षेत्रों व नगर में आवारा कुत्तों एवं बन्दरों के आतंक से स्कूल आने-जाने वाले बच्चे खौफ जदा हैं। परंतु प्रशासन के पास इस समस्या का कोई समाधान नहीं है।

# मधुमक्खियों के हमले में आठ लोग जखमी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर में स्थित सरकारी अस्पताल के समीप में उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब विचलित मधुमक्खियों ने आने जाने वालों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से खुद को बचाने लोग इधर उधर भागने लगे। मधुमक्खियों के हमले के दौरान आठ लोग जख्मी हो गए। जख्मियों को राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। करीब 15 मिनट बाद मधुमक्खियों के शांत होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी इदरीश अहमद 75 वर्षीय अपने आवास पर अपने परिजनों के साथ बैठें हुए थे। बृहस्पतिवार की दोपहर करीब तीन बजे के करीब में सरकारी अस्पताल के नजदीक अचानक मधुमक्खियों के छत्ते में किसी पक्षी ने चोंच मार दी। मधुमक्खियों के छत्ते में से मधुमक्खियां इधर-उधर भागने लगी। अचानक इदरीश अहमद उम्र 75 वर्षीय के मकान में जा घुसे। कुछ समझ पाते, इससे पहले ही मधुमक्खियों ने उन पर, उनकी पुत्री अफसर जहां उम्र 35 वर्षीय, पुत्र अब्दुल बारी उम्र 42 वर्षीय,धेवता बाबर उम्र 3 वर्षीय तथा पड़ोसी मोहम्मद हासिम उम्र 22 वर्षीय





पुत्र कासिम निवासी मौहल्ला बेगम सराय पर हमला कर दिया। वे बचाव का कोई रास्ता नहीं दिखा तो मौके पर बैठ गए। थोड़ी देर बाद मधुमक्खी शांत हुए। इस बीच मधुमक्खियों के हमले से सभी गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। वहां मधुमक्खियों का छत्ता अचानक सीएचसी अफजलगढ़ में पहुंचा। जहां डॉ. सर्वेश निराला व कासिफ उम्र 18 वर्षीय पुत्र शाहिद अहमद तथा मोबीन उम्र 42 वर्षीय पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला नेजो सराय कस्बा व थाना अफजलगढ़ को भी घायल कर दिया था। जबकि आसपास खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना में घायल सभी लोगों को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने तत्काल अफजलगढ़ पालिका कर्मियों की मदद से फोगिंग मशीन द्वारा मधुमक्खियों के झुंड को शांत कराया गया। मधुमक्खियां के छत्ते को उड़ता देख आसपास बने मकान मालिकों ने आग जलाकर धुआं कर मधुमक्खियां के झुंड को वहां से भगाया।

# रंग गुलाल समिति की बैठक

## जुलूस को लेकर विचार विमर्श किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** होली रंग गुलाल समिति के तत्वावधान में हर वर्ष होली के पावन पर्व पर दूल्हेड़ी के दिन निकलने वाले सूखे रंग (गुलाल) के जुलूस को लेकर हवन होली रंग गुलाल समिति की एक बैठक समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता के आवास पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान की अध्यक्षता व समिति के मंत्री दीपक अरोड़ा के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में आने वाले होली पर्व पर निकलने वाले सूखे रंग (गुलाल) जुलूस को लेकर विस्तृत चर्चा व विचार विमर्श किया गया।

समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें सांप्रदायिक सौहार्द रखते हुए अपने पर्व को उत्साह के साथ मनाना है। उन्होंने आगे कहा कि जुलूसों का महत्त्व जनसहभागिता से है। इसलिए हमें प्रयास करना है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग जुलूस में शामिल होकर सहभागिता करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि हिन्दू देवी-देवताओं की वेशभूषा में कलाकारों से जुलूस में नृत्य नहीं कराया जाएगा। जुलूस पूरी तरह से सनातनी परम्पराओं का पालन करते हुए निक. ाला जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी जुलूस पुरे उत्साह व उमंग के साथ निकाला जायेगा व



जुलुस में हास्य विनोद के लिए कुछ नई चीजों को शामिल किया जायेगा। बैठक में हवन होली रंग गुलाल समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने आगामी वर्ष **2025-26** के लिए समिति की कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें संरक्षक - प्रभातचंद गुप्ता, अनिल गुप्ता 'बंधु', विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय वर्मा, हेमंत चौहान, अध्यक्ष- प्रमोद चौहान, उपाध्यक्ष- सौरभ मित्तल, मंत्री- दीपक आरोड़ा, कोषाध्यक्ष- विनय अग्रवाल, प्रचार मंत्री- ओमपाल सैनी, सचिन शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, धर्मेंद्र राठी, अरुण शर्मा, लवी मित्तल, पवन काम्बोज को बनाया गया। इसके अतिरिक्त 51 लोगों को कार्यकारिणी का सदस्य व 25 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। बैठक में प्रभात चंद्र गुप्ता, अशोक अग्रवाल, अनिल बंधु, संजय वर्मा, विनोद अग्रवाल, सुशील गुप्ता, सौरभ मित्तल, दीपक अरोड़ा, विनय अग्रवाल, अरुण शर्मा, सचिन शर्मा, ओमपाल सैनी, विहान शर्मा, धर्मेंद्र राठी, बृजमोहन विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# दूसरे शहरों में रह रहे हॉकी के खिलाड़ी भी होने लगे हैं सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हॉकी के मैदान में मिनी स्टेडियम के निर्माण की मुहिम शुरू होने पर नगीना के साथ साथ बाहर रह रहे खिलाड़ी भी इस मुहिम में जुड़ने लगे लगे हैं। इसी कड़ी में ग्राम मौसमपुर निवासी 71 वर्षीय हुकुम सिंह भी नगीना आकर पुराने खिलाड़ियों से मिले और सहयोग का आश्वासन देते हुए नवीन जानकारियां दीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हुकुम सिंह नगीना के एमएम इंटर कालेज के हाकी खेल मैदान में ही खेलकर आज लखनऊ में बच्चों को हाकी सिखाकर नगीना का नाम रोशन कर रहे हैं। नगीना शाईनिंग हॉकी क्लब के सीनियर खिलाड़ियों को उन्होंने हॉकी के आधुनिक स्वरूप से रुबरु कराया। उन्होंने नई जनरेशन को हाकी के खेल में दिलचस्पी पैदा करने और सिखाने के टिप्स भी दिए। लखनऊ में बच्चों को हॉकी सिखा रहे कोच हुक्म सिंह 25 फरवरी को अपने पैत्रक गांव थाना क्षेत्र के ग्राम मौसमपुर पहुंचे। उन्हें लखनऊ में ही पता चला कि हाकी के खिलाड़ियों, पूर्व एसडीएम मांगेराम चौहान, विनियमित क्षेत्र के जेई एन के सिंह, नगर पालिका परिषद, गणमान्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, खेल प्रेमियों व क्षेत्रीय जनता की दिलचस्पी व सहयोग से खेल के मैदान में मिनी स्टेडियम का निर्माण होने जा रहा है। इसके अलावा नवागत एसडीएम आशुतोष जायसवाल द्वारा भी नगीना के हॉकी खिलाडियों को खेल में अपना पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिए जाने को लेकर वो बहुत प्रसन्न हुए। बुधवार की शाम हुकुम सिंह अकाबरान स्थित इकबाल मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल पहुंचे और हॉकी के खिलाड़ियों से मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा करते हुए अपने हॉकी सीखने से लेकर सिखाने तक के सफर को याद करते हुए बच्चों को हॉकी सिखाने से संबंधित जानकारी दीं। उन्होंने कहा कि शुरू में 7 वर्ष से 12 वर्ष की आयु के वो बच्चे जो हॉकी खेल में रूचि रखते हो को जमा करें और उनके माता-पिता से बच्चों को हॉकी सिखाने की अनुमति लेनी बहुत जरूरी है। हॉकी का खेल एक अनुशासित खेल है। उसमें बच्चों को यह बताना पड़ेगा की हॉकी खेलते समय गेंद पर ही नजर होनी चाहिए और हॉकी को सीधा खड़े होकर नहीं बल्कि कमर को नीचे झुकाते हुए डिबलिंग करनी है। हाकी खेलते समय अपने हाथों और पैरों को सुरक्षित रखना है। खेल को खेल की तरह खेलना है, जज्बात से नहीं।

उन्होंने कहा कि बच्चों को यह भी बताए घर से मैदान हॉकी खेलने जाते समय हाकी को कंधे पर लाठी डंडे की तरह ना लेकर जाए बल्कि हाथ में पकड़ कर लेकर जाने के टिप्स दिए।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अदनान जो मेरे कहने में नहीं है। उसके किसी भी कार्य के लिए मैं व मेरी पत्नी, मेरा कोई रिश्तेदार जिम्मेदार नहीं है। यदि कोई व्यक्ति अदनान से कोई लेनदेन या रिश्ता रखता है, तो उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मैंने व मेरी पत्नी ने अदनान को बेदखल कर दिया है। **-रफीक अहमद पुत्र बिट्टू खां निवासी मौहल्ला बुखारा, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर, जिला बिजनौर**

## एक नजर

### बंद पड़े सायरन को शुरू करने की मांग



**नगीना।** मौहल्ला अकाबरान व पंजाबियान क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 22 के सभासद मौहम्मद उसमान जैदी ने उपजिलाधिकारी नगीना आशुतोष जायसवाल को एक शिकायती पत्र देकर जामा मस्जिद पर लगे सायरन को दोबारा चलाने की मांग की। बृहस्पतिवार को उस्मान जैदी ने उपजिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल को दिए गए एक शिकायती प्रार्थना पत्र में लिखा कि नगीना की जामा मस्जिद में सायरन लगा हुआ है, जो देश के आजाद होने से भी पहले से बजता चला आ रहा है। यह सूर्य उदय होने पर, सूर्य अस्त होने पर व मध्य दिन व रमजान में सहरी खत्म होने पर बजता चला आता है। जिसकी अवधि मात्र 20 से 30 सेकन्ड होती है। इस सायरन से कस्बा नगीना की जनता को बहुत सुविधा रहती है। नगीना की जनता की सुविधा के लिए उक्त सायरन का सूर्य उदय, सूर्य अस्त, मध्य दिन व रमजान में सहरी शुरू और खत्म पर निरन्तर चालू रहना अति आवश्यक है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त सायरन को निरन्तर जारी करने के आदेश पारित करने का अनुरोध किया।

### रतनपुर रियाया में सात ट्यूबलाइट चोरी

**मंडावर।** शिव रात्रि से एक दिन पूर्व कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए लगाई गई सात ट्यूबलाइट चोरी कर ली गई। ताजा मामला मंडावर के ग्राम रतनपुर रियाया का है। जहां मंडावर चंदक रोड स्थित ग्राम रतनपुर रियाया तालाब के किनारे कांवड़ियों को देखते हुए उजाले का प्रबंध ग्राम प्रधान द्वारा ट्यूबलाइट लगाकर किया गया था। रात्रि में किसी शरारती तत्वों द्वारा सात ट्यूबलाइट बल्ब चुरा लिए गए। ग्राम प्रधान जगत सिंह ने बताया कि सातों ट्यूब लाइट बल्ब पांच-पांच सौ रुपए की कीमत के थे। पुलिस को फोन पर मौखिक रूप से सूचित कर दिया गया है।

# किसानों की समस्या को लेकर भाकियू हिन्द की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन हिन्द की ओर से एक पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कोटरा में आयोजित किसान पंचायत में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष साजिद अली ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समय से



निवारण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान परेशान तो देश परेशान। पंचायत को राष्ट्रीय महासचिव डा. आलमगीर, प्रदेश अध्यक्ष जुबेर अली, युवा प्रदेश अध्यक्ष इनाम अंसारी, जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर ईफ्राहीम राणा, जिला अध्यक्ष बिजनौर आफताब बब्लू, जिला अध्यक्ष युवा दानिश अल्वी तथा सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन आदि ने सम्बोधित किया। प्रदेश संगठन मंत्री शहजाद अहमद ने बताया कि कुछ भूमाफिया उनकी भूमि कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। संगठन की ओर से किसानों व शहजाद अहमद की समस्याओं से अवगत कराते हुए दस सूत्रीय मांग पत्र शहर इंचार्ज विपिन कुमार को सौपा गया।

इस दौरान शादाब अहमद, जावेद अल्वी, इकबाल अहमद, शादाब अहमद, चांद खान, इरशाद अहमद, बन्ने अली अताउल्लाह आदि मौजूद रहे।

# एचएम कॉलेज में वार्षिक उत्सव मनाया

## छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एचएम पब्लिक इंटर कॉलेज जमालपुर महमदाबाद में गुरुवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

गुरुवार को कॉलेज परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अनवर हुसैन व प्रबंधक मौहम्मद जकी ने शमा रोशन करते हुए किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक तू ही भरोसा,




शुभ दिन आया रे, चंदा चमके, एलजी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके अलावा छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीत के साथ कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में वर्ष भर हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोतवाल धीरज सोलंकी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाशाली बच्चों की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य की ओर ध्यान दें और सोशल मीडिया व मोबाइल के प्रयोग से बच्चे और अपने बड़ों का सम्मान अवश्य करें। कार्यक्रम में जुवेरिया, अलीशा, हादिया, अनुष्का, फलक अलीशा, स्वीटी, अवनी, नैना, माही सानिया, रिदा, नेहा, अंजनी, तन्वी, साक्षी, कशिश, सुफियान, यशपाल, रुद्र, काव्या, प्रिंस आदि बच्चों ने प्रस्तुति दी।

कॉलेज के प्रबंधक मौहम्मद जकी, लोकेन्द्र सिंह, अरूण कुमार शर्मा, सत्यवीर सिंह, रमिज, शहबाज, चंद्रभान सिंह, मुजफ्फर अली, रिंकी चौधरी, नेहा त्यागी, निशा अग्रवाल, अरिबा, इरशाद अहमद आदि ने भाग लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अकबरपुर मजरा सैंदवार, वि. ख. जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा **2024 -2025**

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत अकबरपुर मजरा सैंदवार में पानी की टंकी से सुखवीर के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष **2024-2025** में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक **07/03/2025** को समय पूर्वाह्न **1** बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं **3** बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक **06/03/2025** तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हीमपुर दीपा, वि.ख. जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा **2024 -2025**

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत हीमपुर दीपा में रतन के घर से राजेन्द्र के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष **2024-2025** में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक **07/03/2025** को समय पूर्वाह्न **1** बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं **3** बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी । निविदादाता का व्यापार कर/आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक **06/03/2025** तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**



सम्भल-उच्च न्यायालय के आदेश पर जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का निरीक्षण करने जाती एएसआई की टीम।

# उच्च न्यायालय के आदेश पर निरीक्षण करने पहुंची एएसआई की टीम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष कोर्ट कमिश्नर द्वारा दूसरी बार किए मौका मुआयना के दौरान भड़की सिंह के बाद शाही जामा मस्जिद फिर रंगाई और पुताई को लेकर चर्चा में आ गयी है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद रंगाई-पुताई की आवश्यकता को भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मस्जिद का निरीक्षण करने पहुंची। गत 19 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद स्थल में सर्वे टीम ने प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया था। जबकि 24 नवम्बर 24 को दूसरी बाद कोर्ट कमिश्नर सुबह सवेरे मोका मुआयना करने पहुंचे थे। इस दौरान हिंसा भड़क गयी थी। जिसमें 5 की गोली लगने से मौत हो गयी थी। हिंसा में पांच मौतों के बाद राजनीति भी गर्मा गयी थी। संसद और और विधान सभा तक हंगामे हुए थे। तीन माह बाद जामा मस्जिद एक बार फिर से चर्चा में आ गयी है। दरअसल रमज़ान माह से पूर्व शाही जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी की और से रंगाई और पुताई का कार्य किया जाता है। लेकिन इस बार हालात बदले होने के कारण मस्जिद एएसआई संरक्षित होने को लेकर भारतीय पुरातत्व विभाग की अनुमति बिना मस्जिद की रंगाई-पुताई नहीं करने के निर्देश

**मामला**

- रमजान से पूर्व शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई को दायर की गई थी याचिका
- तीन सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण
- एएसआई ने अनुमति देने किया था इंकार

दिए गए थे। मस्जिद कमेटी की और से भारतीय पुरातत्व विभाग को रंगाई-पुताई कराने के लिए आवेदन दिया गया,लेकिन एएसआई ने रंगाई-पुताई की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। जिस पर मस्जिद कमेटी और भारतीय पुरातत्व विभाग आमने-सामने आ गया था। अनुमति नहीं देने पर मस्जिद कमेटी की और से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एएसआई के आदेश को चुनौति दी गई। जिस पर उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने गुरूवार को सुनवाई करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को निर्देश दिया कि वह शाही जामा मस्जिद का निरीक्षण करे और यह तय करे कि रमजान से पहले मस्जिद में सफेदी और सजावट की जरूरत है या नहीं। एसआई शनिवार की सुबह 10 बजे तक अपनी रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश करेगी। उच्च न्यायालय के आदेश पर एएसआई की तीन सदस्यीय टीम के गुरूवार की सांय मदन सिंह चौहान ज्वाइंट डायरेक्टर, जुल्फिकार अली निदेशक, विनोद सिंह रावत सुप्रीन्टेंडेंट आरकलोजिकल मेरठ सर्किल शाही जामा मस्जिद का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने स्थानीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मस्जिद का निरीक्षण किया।

# हिंसा में मारे गए परिवारों को जमियत ने सौंपे एक-एक लाख

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में मारे गए पांच लोगों के परिवारों की मदद को जमियत उलेमा हिंद ने एक बार फिर एक-एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध करायी।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने पर हिंसा भड़क गयी थी। जिसमें गोली बारी में पांच की मौत हो गयी थी। पांच परिवारों के युवकों की मौत पर जमियत उलेमा हिंद की और से आए प्रतिनिधि मंडल ने मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख आर्थिक सहायता राशि के चैक प्रदान किए थे। तीन माह बाद जमियत उलेमा-ए-हिंद दिल्ली एवं गुजरात के चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल नगर की शाही जामा मस्जिद पहुंचा। प्रतिनिधि

**पूर्व में जमियत की और से दिए थे पांच-पांच लाख**

मंडल ने मदरसे में हुए पांच लोगों के परिवार के लोगों को बुलाया और एक-एक लाख रुपए की चेक दिए। इससे पूर्व प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा की। प्रतिनिधि मंडल में मौलाना कुददूस नदवी नयाब सदर जमातुल उल्माई गुजरात, मौलाना नदीम जनरल सेक्रेटरी शामिल रहे। दिल्ली जमीयत उलेमा-ए-हिंद के हकीमुद्दीन कासमी ने बताया कि हिंसा में जो लोग शहीद हुए थे। उनके परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई है। सम्भल इससे पहले दो-तीन बार आना हुआ और आज भी आना हुआ। इससे पहले आए थे। औरी जो लोग मारे गए थे। मौलाना महमूद मदनी की ओर से उनके घरों को पांच-पांच लाख का ड्राफ्ट दिया था। आज भी एक-एक लाख रुपए दिए गए हैं। यह लोग शिक्षा आदि पर खर्च करें। रंगाई-पुताई को लेकर किए गए सवाल पर उन्होने कहा कि मामला हाईकोर्ट में है और शादय अनुमति दे दी गई है। रमजान शुरू होने जा रहा है। अदालत फैसला करेगा, जब मामला अदालत में है तो उसे पर बोलने की जरूरत नहीं है।



सम्भल-जमियत उलेमा हिंद का प्रतिनिधि मंडल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को चैक सौंपते।

# एएसआई टीम के निरीक्षण के दौरान अर्लट मोड पर रही पुलिस

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को मस्जिद के दूसरी बार किए गए कोर्ट कमिश्नर के सर्वे के दौरान फैली भ्रांति से भड़की हिंसक वरदात के बाद इस बार पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से अर्लट बना रहा। रंगाई-पुताई के लिए उच्च न्यायालय के आदेश पर एएसआई टीम के निरीक्षण करने से पहले पुलिस-फोर्स को अलर्ट मोड पर रखा गया।

**विगत वर्ष कोर्ट कमिश्नर के दोबारा सर्वे के दौरान भड़क गयी थी हिंसा में पांच की हुई थी मौत**

रमज़ान माह से पूर्व शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की अनुमति देने से इंकार करने पर मस्जिद कमेटी की याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम को निरीक्षण के लिए पहुंचना था, लेकिन पूर्व वर्ष 24 नवम्बर 24 को वकील कमिश्नर के दूसरी बार सर्वे किए जाने पर हिंसा भड़क गयी थी। जिसमें पांच की गोली लगने से मौत हो गयी थी। पिछली बार हुई चूंक अबकि बार सामने नहीं आए इसके लिए पुलिस की पूरी तरह से अलर्ट रही। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद ने बताया कि एएसआई टीम के निरीक्षण के लिए पहुंचने पर सुरक्षा के मददेनज़र पुलिस-फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है। जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं। स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी व आरएएफ को तैनात किया गया है। उन्होने बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम मस्जिद का दौरा करेगी। उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम रंगाई-पुताई के लिए निरीक्षण करेगी और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहबद की पीठ ने कहा है कि पवित्र रमजान महीने के दौरान सामुदायिक सौहार्द बनाए रखना आवश्यक है।

# सर्वसम्मति से किरनाल सिंह चुने गए चाहल स्मारक स्थल के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सिद्व संत जोगा सिंह चाहल स्मारक समिति की बैठक में नये अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया।

ग्राम भारतल सिरसी स्थित स्मारक स्थल चाहल चौबीसी पर चाहल चौथ का आयोजन तीन मार्च को किया जाना है। इससे पूर्व स्मारक स्थल समिति की बैठक का आयोजन नये अध्यक्ष के चुनाव को किया गया। बैठक में चाहल परिवार के किरनपाल सिंह चाहल मन्नीखेड़ा को नया अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुन लिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ग्राम प्रधान मन्नीखेड़ा किरनपाल सिंह चाहल का निर्वतमान अध्यक्ष धरवेन्द्र सिंह चाहल, जितेन्द्र फौजी, वीरेन्द्र सिंह चाहल, लोकेश सिंह चाहल, खचेडू सिंह चाहल व अजयवीर सिंह चाहल ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में कोषाध्यक्ष विकास चाहल, सुरेन्द्र सिंह चाहल, हनेन्द्र सिंह चाहल, मनोज चहल रविराज चहल एड., रूकमेश चहल, नरेन्द्र सिंह पाल, सोनू चहल, विजयवीर सिंह चहल, भोलू चहल, कपिल लखौरी गुल्लू चहल, बच्चू सिंह चहल, चमन सिंह आदि मौजूद रहे।

# मौसम में आए परिवर्तन ने गर्म कपड़े पहनने को किया मजबूर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर भारत के राज्यों में मौसम ने करवट बदलते हुए लोगों को दोबारा से गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाके में रहा।

**बूंदा-बांदी व हवा ने बढ़ायी ठंड**

गुरूवार को मौसम अचानक पूरी तरह बदल गया है। मौसम में आए परिवर्तन से अब तक कम वस्त्रों में लोगों को गर्म कपड़े पहनने पर मजबूर कर दिया। सुबह से लेकर शाम तक बादल छाये रहने और हल्की बूंदा-बांदी से ठंडक बढ़ गयी। सांय को ठंडी हवाओं के झोंको ने ठंड को और बढ़ा दिया।

# पवित्र रमज़ान माह में दी जाए लाउडस्पीकर की अनुमति

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पवित्र रमज़ान माह में मस्जिदों में सफाई और अन्य व्यवस्थायें सुचारू किए जाने की मांग सपा कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की।

**सपा कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शहर की मस्जिदों मदरसों और इमामबाड़ा और दरगाहों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था कराई जाने तथा रमजान में मस्जिदों में धीमी आवाज से लाउडस्पीकर से का प्रयोग करने की प्रदान करने की मांग की गई। रमज़ान माह में समय की पाबंदी होती है। सहरी और इफ्तार के समय इसलिए रोजगारों को कोई परेशानी ना आए रमजान में समय की पाबंदी होती है इसलिए सहरी व इफ्तार एवं 24 घंटे बिजली व्यवस्था सुचारू रखी जाये। इसके अलावा विशेष तौर पर तरावीह के समय कटौती बंद रखी जाये। साथ ही पुलिस महिला पुरुष दोनों की मुख्य चौराहा एवं बाजारों में डयूटी लगाई जाए ताकि किसी प्रकार की घटना ना हो और रमजान में जल व्यवस्था दिन में तीन बार प्रदान की जाए। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से हाफिज वसीम हाजी मसरूर मोहम्मद अनस हाजी अदनान हाजी हमजा शामिल रहे।

## किसान किए जागरूक

**सम्भल।** किसान दिवस पर आयोजित बैठक में कृषि वैज्ञानिक डा. अरविंद कुमार ने समसामायिक फसलें यथा गेंहू, मक्का, सरसों, गन्ना एवं मेंथा आदि की अधिक पैदाबार एवं कीटरोग नियंत्रण को जागरूक किया।

# बेटियों को आत्म रक्षा का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित शिविर में छात्राओं को आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।

पीएम श्री विद्यालय फत्तेपुर में आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया तथा इटाइला माफी में छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में विरोध ी का डटकर मुकाबला कर सकें, इसके लिए जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी वैष्णवी ने फ्रंट किक, फेस पंच, लेग राइस, वन हैंड सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। प्रशिक्षण में छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी उत्साहित दिखीं। बालिकाओं के साथ साथ विद्यालय के अध्यापक भी मार्शल आर्ट सीखने में रुचि दिखायी। आत्मरक्षा के नजरिए से मार्शल आर्ट बहुत ही कारगर है, छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरेलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफे और अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित पॉलीथीन की बिक्री रोकने को चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खतरनाक पॉलिथीन का प्रयोग और इसकी बिक्री रोकने को अभियान की शुरूआत की जायेगी। अभियान में प्रतिबंधित पॉलिथिन ज़ब्त करने के साथ बेचने वालों के खिलाफ अन्य कार्यवाही भी होगी।

जिला प्रशासन व जिला पर्यावरण समिति की और से जनपद में 120 माइक्रोन से कम पॉलिथिन का प्रयोग व इसकी बिक्री ी जाना प्रतिबंधित है। लेकिन इसके बाद भी जिले में प्रतिबंधित पॉलिथिन का प्रयोग और दुकानों पर बिक्री साफ देखी जा रही है। स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए काफी खतरनाक प्रतिबंधित पॉलिथिन के प्रयोग और इसकी बिक्री रोकने के लिए एक बार फिर अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए जिलाधिकारी के आदेश की जानकारी देते हुए नगर पंचायत में नगर पालिकाओं के अलावा विशेष रूप से गांवो में अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। 120 माइक्रोन से कम पॉलिथीन का प्रयोग करने एवं बिक्री करते पकड़े जाने पर उसके विरुद्व वैधानिक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। वंदना सदस्य एवं संयोजक प्रभावी वनाधिकारी जिला पर्यावरण समितिकी और से यह पत्र सभी जनपद के नगर पंचायत व नगर पालिकाओं को जारी कर दिया गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस संबंध में एक बड़ा अभियान चलाकर 120 माइक्रोन से कम पॉलिथीन का प्रयोग करने और बेचे जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों द्वारा कदम उठाए जाएंगे हालांकि पूर्व में भी लगातार सिंगल उसे प्लास्टिक एवं पॉलिथिन को लेकर अभियान चलाते रहे हैं और जिला प्रशासन की ओर से दिए गए निर्देशों के क्रम में छापेमारी कर पॉलिथीन को जब्त किया जाता रहा है। एक बार फिर एक बार इसे लेकर अभियान प्रारंभ करने के लिए जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र सिंह पेंसिया ने दिशा निर्देश दिए हैं।

# रोक के बावजूद प्रधान ने कार्य कराया शुरू

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड पंवासा के गांव पवांसा में स्थित जय संतोषी माता मंदिर के नजदीक में रास्ते के विवाद को लेकर तहसील प्रशासन की टीम ने नायब तहसीलदार और दो लेखपालों के द्वारा मौके पर पैमाइश की गई है। जांच में रास्ता नक्शे में नहीं होने के बावजूद भी अधिकारियों के निर्देश को ठेंगा दिखाते हुए ग्राम प्रधान ने मानक के विपरीत कार्य पूरा कर दिया है। पूरे खरंजे में पीली बालू का प्रयोग किया गया है। कंक्रीट भी नाम मात्र को डाली है। जबकि तहसील प्रशासन ने विवादित निर्माण को यथा स्थिति रखने एवं कार्य बंद करने का मौके पर ही स्पष्ट निर्देश दिया था। जांच में अधिकारियों को गांव में खेल के मैदान की भूमि पर बारात घर के निर्माण कार्य बड़ी तेजी के साथ चलता पाया गया।। ऐसे में खेल के मैदान की भूमि काम हो रही है। जिसको लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। ग्राम पवांसा निवासी शिकायतकर्ता प्रवीण सिंह का आरोप है कि 14 फरवरी को गांव में स्थित जय संतोषी माता मंदिर के नजदीक में रास्ता नक्शे में नहीं होने के बावजूद भी ग्राम प्रधान के द्वारा सीसी टाइल्स और नाली निर्माण किए जाने और सिंचाई विभाग की भूमि चिन्हित नहीं किए जाने को लेकर डीएम को शिकायती पत्र दिया था।

# रासेयो स्वयं सेवकों को साइबर क्राइम से किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बृहस्पतिवार को एमजीएम कलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के छठे दिन के प्रथम सत्र में महाराणा प्रताप पार्क हल्लू सराय में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि साइबर क्राइम थाना सम्भल के सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार हेड कांस्टेबल मनोज कुमार एवं टीम के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। जिन्होंने स्वयंसेवक सेविकाओं को साइबर क्राइम के संदर्भ में जागरूक करके और उनके सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए सब इंस्पेक्टर श्री सतीश कुमार ने बताया। ऑनलाइन डेटिंग साइट से दूर रहे। ऑनलाइन लॉटरी केबीसी कैशबैक नौकरी लोन बीमा आदि के लिए आने वाले प्रलोभनों से सावधान रहें।



सम्भल-हल्लू सराय में रासेयो स्वयं सेवक व सेविकाओं को सम्बोधित करते उपनिरीक्षक।



सम्भल-कुरेशी कोल्ड स्टोरेज में पत्रकारों से वार्ता करतीं राष्ट्रीय सदभावना मंच की संयोजिका।

# सभी मखलूक एक खुदा की शास्त्रों और पैगम्बरों का संदेश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजिका साध्वी मां कल्पना अरूंधती ने मुस्लिम समुदाय के बीच देश प्रेम और एकता की अलख जगाते हुए संवाद स्थापित किया। जबकि रमजान माह में दी जाने वाली ज़कात को गौसेवा में देकर एकता व सदभाव की डोर को और भी मजबूत करने पर ज़ोर दिया।

वह गुरूवार को मुरादाबाद मार्ग स्थित कुरैशी कोल्ड स्टोरेज में आयोजित भारतीय सद्भावना मंच के सम्मान एवं पत्रकारों से वार्ता के दौरान बोल रही थीं। उन्होने कुरान और धर्म ग्रंथों का हवाला देते हुए कहा कि सभी धर्म मानवता की सीख देते हैं जबकि सभी लोग आदम हव्वा की औलाद है और हर इंसान का खून एक हैं तो फिर कोई दूसरे से अलग कहां है। उन्होने कहा कि पवित्र रमजान का महीना शुरू हो रहा है। मुस्लिम समाज इस महीने में ज़कात अदा कर कमज़ोरों की मदद करता है। मुस्लिम समुदाय अपना दिल बड़ा करते हुए ज़कात का कुछ हिस्सा गौशालाओं के लिए दान कर गौसेवा और दूसरे कार्यों में भी आगे आए जिससे आपसी भाईचारा बना रहे तथा साम्प्रदायिक एकता की डोर को भी और मजबूती मिल सके। उन्होने कहा कि कोई धर्म नफरत नहीं सिखाता है बल्कि एकता के साथ रहने का संदेश देता है। उन्होने कुरान की कुछ आयतों का हवाला देते हुए लोगों से एक रहकर देश की एकता व अखंडता के लिए काम करने का आहवान किया। इसी के साथ आपसी भाईचारे से रहने और पैगम्बर हजरत मौहम्मद साहब व भगवान राम व आदम हव्वा के पैगाम पर भी विस्तार से रोशनी डाली। उन्होने कहा कि इस देश से ही वासुदैव कुटुम्बकम का नारा निकला है। देश सैकड़ों है धरती पर लेकिन भारत जैसा देश नहीं है। इस भूमि पर कभी भी बंटने की बात नहीं कही है। जब बात आती है बंटने की तो हम कीट पतंगों गाय में कुत्ते में मनुष्य में सभी में एक ही तत्व को देखते हैं। जबकि पहला सबक है मखलूक खुदा का सारी दुनिया इस खुदा की यही पैगम्बरों और शास्त्रों का संदेश है और यही हमारी सनातनी परम्परा है। साध्वी मां कल्पना अरुंधति ने भारतीय सद्भावना मंच के संयोजक डा. इंद्रेश कुमार के संदेश से भी लोगों को रूबरू कराने का प्रयास किया लेकिन मोबाईल से सर्म्पक नहीं हो सका। इस मौके पर ठाकुर ध्यानपाल सिंह सह संयोजक, भैया गुलफाम हुसैन जिला संयोजक संभल ने भी अपने विचार प्रकट किए। अंत में सम्भल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही जामई ने सभी का आभार प्रकट किया।

# मेले में 243 रोज़गार के लिए किए गए चयनित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** युवाओं को रोज़गार से आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाये जा रहे रोज़गार मेले में बेरोज़गारों को रोज़गार के लिए चयन किया गया।

सादात पीजी कॉलेज सिरसी में एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। मेले में इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, हायर एप्लाइसेंस, डिक्यान टैक्नॉलोजी, पुखराज हैल्थ केयर, एलआईसी कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। मेले का आयोजल जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर व महाविद्यालय के संस्थापक सय्यद मौहम्मद हुसैन जाफरी, संस्था सदस्य इकरार हुसैन जाफरी, प्राचार्य

**रोजगार परक काउंसलिंग कर किया गया चयन**

डा. शाहिद हुसैन मंच पर मौजूद रहे। जबकि जिला सेवायोजन अधि कारी आमिर जुबैर और मेला प्रभारी गौरव पूठिया के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित मेले में कम्पनियों की और से ट्रैनी ऑपरेटर, डेस्क जॉब, सेल्स एग्ज़ीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती को 243 का चयन किया गया। मेले मेंरोज़गार परक अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कर चयनित अभ्यर्थियों को इसराइल, जापान, व जर्मनी में नर्सिंग व होम केयर सम्बंधी रोज़गार प्रदान किए जाने की जानकारी देकर आवेदन प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर डा. शमीम हैदर, साजिद अली, सरफर्जुल हसन, जोगेन्द्र सिंह, फरवा ज़ैदी, खुर्शीद फात्मा आदि मौजूद रहे।

# चन्द्रशेखर आज़ाद को पुण्य तिथि किया याद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के शांतिदेवी कन्या इण्टर कालेज में चन्द्रशेखर आजाद को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद महान वीर योद्वा थे। उनका योगदान स्वतन्त्रता संग्राम में महत्वपूर्ण रहा। इसे भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान संगीता शर्मा, डोली, नुसरत जहां,फरहत जहां,प्रेरणा आदि शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

# रमज़ान माह से पूर्व मस्जिदों में रंग रोगन व सफाई कार्य हुआ तेज़

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पवित्र माहे रमजान उल मुबारक का महीना चांद देखने के अनुसार एक या दो मार्च से शुरू होने जा रहा है इसी को लेकर मस्जिद आदि इबादत गांव में साफ सफाई का कार्य इंतजाम या कमेटी और खादिम के द्वारा शुरू कर दिया गया है साथ ही साथ रोजेदारों ने शहरी से लेकर इफ्तार और इबादत के वह तमाम इंतजार मतों को सुचारू करना शुरू कर दिया है माहे रमजान मुबारक का महीना एक पवित्र महीना कहलाता है जिसमें रोजेदार ज्यादा से ज्यादा इबादत करते हैं और शहरी खाकर रोजा रखते हैं मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज के साथ ही तरावीह का विशेष रूप से इंतजाम किया जाता है।

# रिक्शाओं के डबल लाइन लगाने के चक्कर में लगता है रेलवे फाटक पर जाम

**कांठ ( शाह टाइम्स )** इलेक्ट्रिक रिक्शा के डबल लाइन लगाने के कारण रेलवे फाटक 433 बी पर जाम लगता है मगर इनके खिलाफ कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं है बतादे कि थाने के ठीक सामने रेलवे फाटक 433 बी है जिससे दिल्ली और हरियाणा तक के वाहन गुजरते हैं लेकिन रेलवे फाटक बंद होते ही यहां पर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग जाती है और लोगों को घंटो तक जाम का सामना करना पड़ता है। इस जाम का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक रिक्शाए हैं रिक्शा चालक अपने वाहनों को आगे निकाल कर डबल और ट्रिपल लाइन लगा देते हैं जिन्हें देखकर पीछे से आ रहे कर चालक भी अपनी कारों को आगे ही ले जाते हैं और दोनों तरफ से लगी हुई डबल, ट्रिपल लाइन के कारण फाटक खुलने के बाद भी वाहन पास नहीं हो पाते और लंबा-लंबा जाम लग जाता है कुछ नासमझ कार चालकों ने तो अपने वाहन आगे निकाल कर खड़ा करना रवैया ही बना लिया है। ऐसे वाहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलानी कार्रवाई न किए जाने से इन लोगों को उनके द्वारा की जा रही गलतियों का भी एहसास नहीं होता है और उसका खामियाजा लाइन में खड़े होकर फाटक खुलने का इंतजार करने वाले वाहन चालकों को उठाना पड़ता है क्योंकि जाम के कारण डबल लाइन के वाहनों का निकलना शुरू हो जाता है और जब तक लाइन में खड़े वाहनो के निकलने का वक्त आता है रेलवे का बूम फिर गिर जाता है क्षेत्र के लोगों ने रेलवे फाटक पर डबल लाइन लगाकर जाम को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# भारतीय किसान यूनियन की बैठक में किसान नेता डल्लेबाल जी की गिरती सेहत पर जताई चिंता



**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन मुरादाबाद की आपात बैठक राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह के नेतृत्व में की गई। बैठक में एमएसपी गारंटी कानून की लड़ाई लड़ रहे जगजीत सिंह डाल्लेवाज की गिरती स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। डॉ नौ सिंह ने कहा की एक किसान नेता अपनी जान पर खेल कर 93 दिन से अनशन पर बैठा है। सरकार तरह-तरह के बहाने बनाकर वार्ता को आगे बढ़ा रही है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट कई बार चिंता व्यक्त कर चुका है।

जबकि 2020 में तीनों कृषि कानून वापस लेते हुए केंद्र सरकार ने वादा किया था कि एमएसपी गारंटी कानून पर भी समीक्षा की जाएगी। परंतु 5 साल बीत जाने के बाद में सरकार ने एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया। सरकार जब तक विश्व व्यापार संगठन से बाहर आकर किसानों के भले में काम नहीं करेगी तब तक देश का किसान आगे नहीं बढ़ पाएगा। किसान लगातार घाटे में जा रहा है। किसान जब संकट के दौर में है तब केंद्र सरकार ने किसानों का साथ छोड़कर व्यापारियों का हाथ पकड़ लिया।

बैठक में जगजीत सिंह डाल्लेबाल जी के स्वास्थ्य की चिंता व्यक्त की गई। कहा कि यदि किसान नेता को कुछ होता है तो देश का किसान सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रीय स्तर पर जो भी आवाहन किया जाएगा । उसका पालन किया जाएगा।

# समाचार एक नज़र में

## आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी अस्पताल ने वसूले पैसे

**चन्दौसी।** नगर की कबीर गली नि0 सतीश अग्रवाल ने मुरादाबाद के एक अस्पताल प्रबंधन पर आयुष्मान कार्ड होने के बाद इलाज का खर्च वसूलने आरोप लगया है। पीडिघ्त ने प्रधानमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पीडिघ्त ने शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पत्नी सुनीता के नाम से आयुष्मान कार्ड है। 26 जनवरी को सुनीता की तबीयत खराब हो गई। उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आयुष्मकान कार्ड के बारे में बताने पर अस्पताल प्रशासन ने बेड खाली न होने का हवाला देकर भर्ती करने से मना कर दिया। काफी कहने के बाद नकद भुगतान की शर्त पर उनकी पत्नी को भर्ती कर लिया गया। करीब आठ दिन तक उसकी पत्नी अस्पताल में भर्ती रही लेकिन स्वास्थ्य में कोई फायदा नहीं हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने उनसे तीन लाख रु0 वसूले। कहा कि आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी उसे लाभ नहीं मिला। सतीश ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है।

## गाय पालने पर मिलेगा 10 लाख तक का ऋण

**चन्दौसी।** प्रदेश में किसानों और पशुपालकों को समृद्ध करने के लिए यूको बैंक की ओर से अमृतधारा योजना की शुरुआत की गई है। योजना के तहत किसानों व पशुपालकों को दो से दस गाय पालने के लिए दस लाख का ऋण दिया जाएगा। तीन लाख तक का ऋण बिना गारंटी के दिया जाएगा।



किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान की सुविधा होगी और दो लाख तक का बीमा कवर भी दिया जायेगा। यह जानकारी गोसेवा आयोग में अमृतधारा योजना पर हुई बैठक में दी गई। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने बताया कि योजना का उद्देश्य गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। यह योजना केन्द्र सरकार की एनीमल हसबैंड्री इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड योजना की तर्ज पर तैयार की गई है जिसमें सभी बैंकों ने अपनाया है। योजना के तहत बड़े चिलिंग सेंटर और दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों के लिए भी ऋण दिया जायेगा। इससे छोटे किसानों व गोपालकों को अप्रत्यक्ष लाभ होगा। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों और एफपीओ को अमृतधारा योजना से जोड़ा जाए ताकि महिलाएं ऑर्गैनिक दूध, दही, घी, सब्जी व अन्य जैविक उत्पादों का व्यापार कर सकें।

## आकाश कुमार बने सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन के जिलरध्यक्ष

**चन्दौसी।** सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन द्वारा मुरादाबाद में बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया। मंडलाध्यक्ष राजीव ढल की संतुति पर प्रदेश अध्यक्ष रौमी चौधरी द्वारा चन्दौसी के आकाश कुमार को जिला संभल का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि सैल्यूट तिरंगा 26 देशों और पूरे भारत में कार्यरत हैं। यह एक समाजिक राष्ट्रवादी संगठन है जिसका उद्देश्य लोगों में देशभक्ति भावना और देशभक्ति विचारधाराओं को जाग्रत करना है जिससे उनमें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और समझ विकसित करना है।

## मौसम का मिजाज बदला

**चन्दौसी।** फरवरी की अंतिम सप्ताह में अचानक मौसम बार-बार अंगड़ाई ले रहा है। इस बार जनवरी माह में सबसे कम ठंड पड़ी है।

कोहरा तो मात्र दो दिन ही पड़ा। अममून हाड़कपाऊ ठंड ने अपना कहर नहीं बरपाया। जनवरी के अंतिम सप्ताह के दिन फरवरी माह के तरह हुए इधर फरवरी एक सप्ताह ऐसी गर्मी पड़ो जिसने फाल्गुन मार्च माह की याद दिला दी। 24 फरवरी के बाद अचानक मौसम ने करवट बदल दी। 27 फरवरी को पूरे दिन सुबह से गगन में बादल छाये गये। वहीं अचानक हवा चलने व ठंड बढ़ने के साथ बूंदा-बांदी भी हुई।

# पीडीए की बैठक में सपाईयों ने साधा सरकार पर निशाना

**कांठ( शाह टाइम्स )** पीडीए की पंचायत का आयोजन अगवानपुर में किया गया जिसमें सपाईयों ने पार्टी की नीतियों को बताते हुए मौजूदा सरकार पर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओ का उत्पीड़न हो रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता परेशान है सरकार जाति धर्म की राजनीति कर जनता को गुमराह कर रही है मंहगाई, बेरोजगारी,और भष्टाचार चरम पर है ।प्रदेश में लूट चल रही है जनता भाजपा से खिलाफ है इसलिए 2027 में मोजूदा सरकार को उखाड फैंकने का काम करना होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली,प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग विक्रम सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार यादव, नगर अध्यक्ष साहिद अली,बब्बू ठेकेदार, मुस्तकीम मलिक मशकूर अहमद, शहजाद,फकरे आलम,माजिद अली,डा मुजीब खां,मौ आलम आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# ग्रामीणों को किया मतदान के लिए जागरूक

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई, एस.एम. कॉलेज चंदौसी के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा शिविर माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में ग्राम मौलागढ़ में आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरांत भगवान शिव की पूजा अर्चना करके शिविर का प्रारंभ किया। शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पंडित चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें भाव बिना स्मरण करते हुए पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने चंद्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी चर्चा की। आजाद को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर्स बनाकर, मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए रैली निकालकर ग्राम वासियों को 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को मत बनवाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने युवाओं से बातचीत कर उन्हें मत का मूल्य समझने के साथ-साथ आगामी मतदान प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में वयस्क मतदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि लोकतंत्र की शक्ति वयस्क मताधिकार में ही निहित है। सभी व्यक्तियों को जाति अथवा अन्य किसी प्रलोभन में आए बिना ईमानदार एवं स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति को ही अपना मत देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी में डॉ विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवकों ने मतदाता बनने योग्य व्यक्तियों के अधिक से अधिक मतदाता सूची में पंजीकरण कराने की शपथ ली। शिविर में संचालन मोहम्मद गुड्डू और धन्यवाद ज्ञापन नेकपाल ने किया। शिविर में स्वयंसेवकों ने ध्येय गीत का वाचन करने के उपरांत राष्ट्रगान के साथ शिविर को विश्राम दिया गया। शिविर में जमुना प्रसाद शर्मा, हरवीर, विनीत कुमार, जितेंद्र, शिखर किशोर, अभिजीत सिंह, जुबेर अली, रोहित कुमार, यश वार्ष्णेय, अभय, अनंत, मोहम्मद सादिक अली एवं मोहम्मद सरफराज, पीयूष शर्मा, अरविंद आदि उपस्थित रहे।




# रामबाग धाम में भगवान श्रीराम की प्रतिमा तैयार

**चन्दौसी।** रामबाग रोड स्थित रामबाग धाम काफी पुराना है जहां सिद्धिधात्री नौ देवियों का विशाल मंदिर है। रामबाग धाम पर नवरात्रों व दशहरा के दिन मेले का आयोजन किया जाता है। वहीं पूरे धाम की व्यवस्था देख रहे अमित के0एस0 ने कहा कि वह पिछले बीस वर्षो से मेले की व्यवस्था संभाल रहे हैं। एक बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों के मन में ख्याल आया। एक बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों के मन में ख्याल आया। पूरे प्रांगण रामबाग धाम नाम से पुकारा जाता है। प्रतिवर्ष क्वार के महीने में मेले का आयोजन भी होता है परंतु परिसर के अंदर भगवान राम की प्रतिमा नहीं है। उसी सपने को साकार करने के लिए सभी पदाधिकारियों ने चंदा कर लगभग 25 लाख रु0 की लागत से भगवान राम की मूर्ति बनाने का संकल्प लिया गया जो सपना अब साकार होना नजर आ रहा है। के.एस. ने कहा कि मूर्ति की लागत 25 लाख रु0 है। बाकी इसके चवारों ओर पेड़-पौधे लगाकर पार्क बनाया जा रहा है। जिससे लोग यहां आकर भ्रमण के साथ-साथ परिक्रमा कर सकें। उसके लिए भगवान राम की प्रतिमा के चारों ओर गोलाई में रास्ता बनाया गया है। वहीं सुंदरकाण्ड की चौपाई को बेरीकेटिंग पर लोहे की शीट पर लिखवाया जा रहा है। भगवान राम का कैसे मर्यादित जीवन कैसा था? उसे कलाकारों द्वारा भिति पर उकेरा जा रहा है। जिसमें भगवान पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में रिश्ते के अनुसार उन्हें सम्मान दिया। जिसमें कैकेयी, राजा दशरथ प्रजा से लेकर सबरी के बेर, जटायु, रामभक्त सभी शामिल हैं। रामायण के विभिन्न अंशों के दृश्यों को दीवार पर बनाकर उनका संजीव चित्रण किया गया है। सनातन धर्म के मर्यादा पुरुषोत्तमा श्रीराम ने किसी को छोटा बड़ा नहीं समझा। बता दें कि स्कूली बच्चे जहां रामबाग धाम पहुंचकर जहां भगवान राम के दर्शन करेंगे तो वहीं चित्रों के माध्यम से रामायण का सार



भी समझ सकेंगे। वहीं अमित के.एस. वार्ष्णेय ने बताया कि भगवान राम की प्रतिमा अनावरण के लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से समय लिया जा रहा है जिससे प्रतिमा का अनावरण हो सके।

# इंसानियत सेवा समिति ने रमजान माह में व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जानें की उठाई मांग

**मुरादाबाद।** इन्सानियत सेवा समिति के पदाधिकारी गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से माहे रमजान में बिजली, पानी, साफ सफाई आदि व्यवस्था को दुरूस्त करायें जाने की मांग को उठाया है। इस दौरान इंसानियत सेवा समिति के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र दिवाकर एडवोकेट ने कहा कि हमारा भारत देश अपनी गंगा-जमुना तहजीव के लिए दुनिया में जाना जाता है। हमारे देश के सभी धर्मो के लोग आपस में मिलजुल कर रहते है और एक दूसरे के त्यौहारों में शामिल होते है। उन्होंने कहा कि आगामी दो मार्च से रमजान का पाक महीना शुरू होने वाला है, जिसमें हमारे मुस्लिम भाई एक माह तक भूखे प्यासे रहकर रोजा रखकर खुदा की इवादत करते है। हम मांग करते हैं कि रमजान के महीने में महानगर में बिजली,पानी,साफ सफाई आदि की व्यवस्था को दुरूस्त कराया जाये। ताकि मुस्लिम भाइयों को माहे रमजान में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।



## पॉलीथीन पर पाबंदी

**चन्दौसी।** पॉलीथीन का प्रयोग करने से प्रदूषण बढ़ रहा है। प्रतिबंधित पॉलीथीन का प्रयोग नहीं होना चाहिए। लगातार नाले-नालियों चौक हो रहे हहैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथीन बाजार में विक्रय करने पर रोक लगा रखी है।

बुधवार को सदख संयोजक प्रभागीय वनाधिकारी जिला पर्यावरणीय संभल वन प्रभाग द्वारा एक बैठक आयोजित कर जिलाधिकारी के निर्देष पर निर्णय लिया गया कि सभी नगरपालिका परिषद्, नगर पंचायत व गांवों में विशेष अभियान चलाते हुए 120 माइक्रोन से कम पॉलीथीन का प्रयोग करने पर व क्रय-विक्रय करने पर जो इस प्रकार की पॉलीथीन को बेच रहे हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल अब नगरपालिका प्रशासन पॉलीथीन बंद करने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जायेगा।

## अवैध खनन करने पर रसूलपुर चौहरा के दर्जनों से ज्यादा लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**कांठ ( शाह टाइम्स )** परमिशन के बगैर कई खेतो से अवैध खनन करने के मामले में अब किसानों पर कार्यवाही की तलवार लटक गई है लेखपाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के बाद अब ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जानी है मामला रसूलपुर चौहरा गांव से जुड़ा है जहां के किसान अरमान अली पुत्र हमीद, इन्साद पुत्र हामिद इसरत पुत्र हमीद, इंतजार पुत्र इमत्याज, उसमान हुसैन पुत्र आशक हिदिया पुत्र इमत्याज, मुजाहिद्र पुत्र इम्तियाज, मुशाहिद पुत्र इम्तियाज, मेहन्दी हसन, बुन्दु पुत्र भूरे, शहिद हुसैन पुत्र आशक, अब्दुल पुत्र अली हसन, मुस्तकीम पुत्र अली हसन, इरफान पुत्र अताहुसैन, जमशेद पुत्र असगर आदि के खिलाफ लेखपाल ने रिपोर्ट दी है जिस पर जल्द ही कार्यवाही की जानी है।

## हरि मंगल महाविद्यालय में स्वयं सेवकों ने नारी शक्ति के महत्व को समझाया

**बिलारी।** हरि मंगल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत षष्ठम दिवस स्वयंसेवकों ने नारी शक्ति का महत्व समझाया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी शंकर सिंह द्वारा किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश रंजन ने कहा कि हमें नारी का सम्मान करना चाहिए और शिक्षा समानता के आधार पर प्रदान करनी चाहिए। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 ज्योति गुप्ता डॉ रश्मि सिंह, सुरेन्द्र चौहान, रूमपाल सिंह, नदीम अहमद, रोहित कुमार, बुशरा नईम, यूसुफ अब्दुल्ला राजवीर सिंह, मनोज कुमार, मोहित यादव आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम के स्वयं सेवकों में आकांशा, नंदिनी, रतिभा, रश्मि, छाया, पिंकी, मोनिका, यासमीन, खुशबू, नेहा, पूजा, आरती, मनीषा, स्नेहा यादव, युक्ति गौड़, कुमकुम शर्मा, पारुल उपाध्याय, खुशी, काजल, खदीजा, हाफिजुन निशा आदि उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं सिरसी सादात पी0जी0 कॉलेज के तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला सिरसी सादात पी0जी0 कॉलेज सिरसी महाविद्यालय के प्रांगण में लगाया गया। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 03:00 बजे तक रहा जिसमें इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, हॉयर एप्लाइंसेस, डिक्सन टेक्नोलोजी, पुखराज हेल्थ केयर, एल0आई0सी0 कंपनियो ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर के साथ संस्था के संस्थापक प्रोफेसर एस0एम0 हुसैन जाफरी, महाविद्यालय प्रबंधक सफदर जाफरी, संस्था सचिव तौकीर हैदर जाफरी, संस्था सदस्य इकरार हुसैन जाफरी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डा0 शाहिद हुसैन मंच पर उपस्थित रहे। उपरोक्त सभी कंपनियो द्वारा ट्रेनी आपरेटर, डेस्क जॉब, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के रूप में 243 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक स्तर पर चयन किया गया। जापान एवं जर्मनी में नर्सिंग व होम केयर संबंधी रोजगार प्रदान किए जा रहे हैं एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ शमीम हैदर, साजिद अली, सरफर्जुल हसन, जोगेंद्र सिंह, फरवा जैदी, खुर्शीद फातमा के साथ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद को किया नमन

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस एवं भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्य तिथि मनाई गई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने बहुत छोटी उम्र में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ बगावत शुरू कर दी। जालियांवाला बाग हत्याकांड ने बचपन में ही आजाद को झकझोर दिया और उन्होंने ब्रिटिश शासन से देश को आजाद कराने की ठान ली। चंद्रशेखर आजाद कहते थे दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। चंद्रशेखर आजाद का जन्म २३ जुलाई १९०६ को मध्यप्रदेश के भावरा नामक ग्राम में हुआ। आपके पिता सीताराम तिवारी और माता जगरानी देवी थीं। आपके बचपन का नाम चंद्रशेखर तिवारी था। आप भील लोगों के साथ बचपन में खेलते हुए अचूक निशाना लगाना और धनुष से तीर चलाना सीख गए। आपकी शिक्षा के लिए संस्कृत पाठशाला बनारस मात्र बारह साल की उम्र में भेज दिया। १९२१ में महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन शुरू किया। आजाद काशी में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। तब वह महात्मा गांधी के असहयोग आन्दोलन से जुड़ गए, उन्हें ब्रिटिश सरकार ने गिरफतार कर लिया और जज के सामने पेश किया गया। जज ने उनका नाम पूंछा तो उन्होंने आजाद बताया। पिता का नाम स्वतंत्रता बताया उम्र पन्द्रह साल बताई, जज ने पन्द्रह कोड़ों की सजा सुनाई। उन्हें केवल एक लंगोट के साथ नंगा करके पन्द्रह कोड़े मारे गए प्रत्येक कोड़े लगने पर वह भारत माता की जय बोलते। कोड़ों के कारण उनके घाव हो गए मलहम पट्टी को जज ने तीन आने दिए उन्होंने वह पैसे जज के मुंह पर फेंक दिए। इस घटना के बाद चंद्रशेखर तिवारी को दुनिया चंद्रशेखर आजाद कहने लगी। महात्मा गांधी द्वारा चौरा चौरी कांड के बाद असहयोग आन्दोलन वापिस लेने पर क्रांति का मार्ग अपनाया। आजाद ने रामप्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह के साथ हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन बनाई। रामप्रसाद बिस्मिल की फांसी के बाद कई संगठनों को मिलाकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन बनाई। रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी स्टेशन पर ब्रिटिश सरकार की खजाने से भरी ट्रेन को लूटने की योजना बनाई। 09 अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड के तहत खजाना लूटा गया जिसमें चंद्रशेखर आजाद भी शामिल थे लेकिन ब्रिटिश सरकार आजाद को गिरफ्तार नहीं कर पाई। 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लाला लाजपत राय को गंभीर चोटे आईं और उनकी बाद मे मृत्यु हो गई। उनकी मौत का बदला चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव ने पुलिस सुप्रीटेंडेंट जे.पी. सांडर्स की हत्या करके लिया। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी की सजा को उम्र कैद में तब्दील कराने के लिए वह मोतीलाल नेहरू एवं पण्डित जवाहर लाल नेहरु के पास इलाहाबाद (प्रयागराज) पहुंचे। उस दौरान अंग्रेजी हुकूमत को आजाद के अल्फ्रेड पार्क में होने की भनक लग गई। उस पार्क को हजारों अंग्रेज पुलिस ने घेर लिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन आजाद ने लोहा लेने की ठानी और अंग्रेज पुलिस के कई सिपाहियों व अधिकारियों को गोली मारकर घायल कर दिया। जब आजाद की रिवाल्वर में केवल एक गोली बची उसे उन्होंने अपनी कनपटी पर दाग दिया। भारत माता का यह सपूत भारत माता की जय बोलते हुए 27 फरवरी 1931 को शहीद हो गया। देश आजाद होने के बाद अल्फ्रेड पार्क का नाम चंद्रशेखर आजाद पार्क रख



दिया गया। शत-शत नमन। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि महान समाजसेवी भारत रत्न नानाजी देशमुख कहते थे 'मैं अपने लिए नहीं अपनों के लिए हूं। नानाजी देशमुख ने भारत के सैकड़ों गांवों की तस्वीर बदल कर रख दी। नानाजी देशमुख त्याग, तपस्या, परिश्रम की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने बिना भेदभाव के दलितों, गरीबों के उत्थान का कार्य किया। सभी की शिक्षा के लिए चित्रकूट में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना की। 1972 में दिल्ली में पण्डित दीनदयाल शोध संस्थान की स्थापना की। जीवित रहते ही मेडिकल के छात्रों के शोध के लिए 1997 में देह दान कर दिया। नानाजी देशमुख ने संत विनोबा भावे के भूदान आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। जय प्रकाश नारायण को इमरजेंसी के दौरान पुलिस की लाठियों से बचाने में स्वयं घायल हो गए। बलराम पुर से सांसद चुने गए तब मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री बनने पर केंद्रीय मंत्री बनाने की पेशकश की परंतु नानाजी देशमुख ने मंत्री पद लेने से इंकार करते हुए यह कहा कि 60 साल के बाद व्यक्ति को समाजसेवा करनी चाहिए न कि मंत्री बनना चाहिए। देश और समाज को किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 1999 में पद्मविभूषण और 2019 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 27 फरवरी 2010 को स्वर्गवास हो गया और उनका पार्थिव शरीर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली को सौंप दिया गया।

शत शत नमन। इस दौरान डा0 नितिन कौशिक, डा0 महेश कुमार गुप्ता, विकास यादव, डा0 निशा गुप्ता, डा0 अरविन्द कुमार गुप्ता, पंकज वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, राहुल सिंह, अवधेश कुमार, सुरेशचंद्र शर्मा, सरोज कुमारी, शोभा यादव, शिवानी, अर्चना कुमारी, इंद्रराज सिंह, प्रेमचंद्र, सीमा, रामप्यारी, राजकुमारी, प्रीति, आकाश, जीनत, ओमवती, ज्योति, सपना देवी, देवेन्द्र कुमार, रामवीर, शीला देवी, अयोध्या देवी, दानवीर आदि मौजूद रहे।

## आर्य समाज का मनाया गया 146 वां वार्षिकोत्सव ऋषि बोधोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

**मुरादाबाद।** शहर के मंडी बांस स्थित आर्य समाज का 146 वां वार्षिकोत्सव एवं ऋषि बोधोत्सव कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महायज्ञ एवं वेद प्रवचन से किया गया। समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य योगेश भारद्वाज ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वैदिक संस्कृति का मूल आधार यज्ञ है, जब अग्नि में सुगंधित पदार्थ का जड़ी बूटियों से हवन होता है तो वह यज्ञ वायु आदि पदार्थों को शुद्ध करता है तथा शरीर और औषधि आदि पदार्थों की रक्षा करके अनेक प्रकार के रसों को उत्पन्न करता है।उन शुद्ध पदार्थ के भोग से मनुष्य के ज्ञान,विद्या और बल की वृद्धि होती है,यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। हम सबके लिए आवश्यक है कि प्रतिदिन यज्ञ,संध्या,प्रार्थना,उपासना करें। वहीं वैदिक भजनोपदेशक सतीश सत्यम ने ईश्वर भक्ति के और महर्षि देव दयानंद के जीवन के अनेकों परोपकारों को भजनों में पिरों कर सुनाया।कार्यक्रम का संचालन डा.मनोज आर्य ने और अध्यक्षता संतोष गुप्ता ने की। कार्यक्रम में मुख्य रुप से निर्मल आर्य, डा.मनोज आर्य,नवनीत रस्तोगी,अजब सिंह, ज्ञानेन्द्र गांधी, विजय अग्रवाल,एस.सी. वाष्णेय,चंद्रकिरण आर्य,प्रीता आर्य, अखिलेश रस्तोगी,विनीत रस्तोगी,आर्य संदीप त्रिवेदी,राधा रानी,डा.राम मुनि,रमेश सिंह,पीयूष रस्तोगी,सुमन रस्तोगी,रश्मि रस्तोगी,रमा आर्य,रीतु रस्तोगी,राम अवतार,दिनेश रस्तौगी,ज्ञानचंद शर्मा,रविंद्र रस्तोगी,अंकित शुक्ला,राम सिंह निशंक,यशपाल आर्य,दीपक गुप्ता,आदर्श गुप्ता,रविंद्र रस्तोगी, कादंबरी रस्तोगी,डॉली खन्ना,रश्मि रस्तोगी,आयुषी रस्तोगी,सौरव रस्तोगी, दीपक गुप्ता,सुमन रस्तोगी,रविंद्र रस्तोगी,सीमा रस्तोगी,कल्पना शंकर, प्रग्यांशु रस्तोगी, शोभित रस्तोगी, राजीव शंकर,वीरेंद्रआर्य, नलिनीआर्य, कुसुम आर्य,सुषमा रस्तौगी,संतोष गुप्ता,रमेश सिंह,पूनम रस्तोगी,मथुरा प्रसाद आर्य,गायत्री आर्य,विभु आर्य आदि उपस्थित रहें।

